given out to the plantations as such; and

(b) whether this loan facility has not been utilised fully and if so the reasons therefor?

The Deputy Minister in the Ministry of Commerce (Shri Shafi Qureshi): (a) The Tea Board operates two major schemes, namely, (i) the Plantation Finance Scheme and (ii) Tea Machinery|Irrigation Equipment Hire Purchase Scheme, for grant of development|modernisation loans to the tea industry. The position in respect of these Schemes is indicated in the statement, laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-6192/66].

(b) The loan facilities have been utilised by the industry fully.

कल्याण रेलवे स्टेशन

4708. **श्री बसवन्त** : क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1965-66 के रेलवे के आय व्ययक में मध्य रेलवे के कल्याण रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिये कितनी राशि की व्यवस्था की गई थी;

(ख) उस अवधि में कितनी राशि खर्च की गई; और

(ग) कार्य कब पूरा होने की सम्भावना है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) "कल्याण रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण" के नाम से कोई निर्माण कार्य नहीं हो रहा है । फिर भी, कल्याण में एक अतिरिक्त यात्री प्लेटफार्म की व्यवस्था और यात्री यार्ड के ढांचे में अन्य छोटे-मोटे परिवर्तन करने के लिये 65-66 के रेलवे बजट में पांच लाख रुपये की रकम की व्यवस्था की गयी थी ;

(ख) कुछ नहीं ।

(ग) धन की अत्यधिक कमी के कारण इस बात पर फिर से विचार किया जा रहा है कि कितना काम किया जाय ।

टिटवाला तथा खडावली स्टेशनों के बीच झंडी (फ्लैग) स्टेशन

4709. **श्री बसवन्त** : क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे के बम्बई-कसारा सैक्शन पर टिटवाला तथा खडावली स्टेशनों के बीच एक झंडी (फ्लैग) स्टेशन खोलने के सम्बन्ध में जनता की ओर से कोई निवेदन पत्र सरकार को मिला है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेलवे मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) जी हां ।

(ख) इस प्रस्ताव पर विचार किया गया, लेकिन पर्याप्त औचित्य न होने के कारण उसे स्वीकार नहीं किया जा सका ।

थाना स्टेशन में टिकट घर (बुकिंग आफिस)

4710. **श्री बसवन्त** : क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) थाना तथा उपनगरीय स्टेशनों से तीसरे दर्जे के बम्बई के कितने टिकट बेचे गये और इन दोनों स्थानों में तीसरे दर्जे के कितने टिकट घर हैं ;

(ख) क्या इन स्थानों में टिकट घर अनुपात में कम हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इन स्थानों पर टिकट घरों की संख्या बढ़ाने का है; और